"निगम हिंदी पत्राचार का स्वागत करता है"

क.रा.बी.नि.
E.S.I.C

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, **भारत सरकार**
EMPLOYEES'STATE INSURANCE CORPORATION
)Ministry of Labour & Employment, **Govt. of India)**

सत्यमेव जयते

**निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली**
DIRECTORATE (MEDICAL) DELHI
**क.रा.बी. निगम औषधालय-सह-निदान केन्द्र परिसर**
**मयूर विहार फेज-1, नई दिल्ली-110091**
ESIC Dispensary-cum-Diapnostic Centre Complex
Mayur Vihar Phase-1, New Delhi-110091
Email: dir-med.dl@esic.nic.inWebsite:https://dmd.esic.gov.in

संख्या: डी.एम.ए.49/11/3/2022-रा.भा. दिनांक: 01/09/2025

# परिपत्र

**विषय**: **निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

निदेशक (चिकित्सा) दिल्ली महोदया के अनुमोदनानुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली में **14 से 29 सितंबर, 2025 तक 'राजभाषा पखवाड़ा'** का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं उनके नाम के सामने दर्शायी गई तिथियों, समय एवं अवधि के अनुसार आयोजित की जाएंगी :-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | विषय / प्रश्न पत्र | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी निबंध प्रतियोगिता | **शिक्षा का व्यावसायीकरण** | 17.09.2025 (बुधवार) | 03:00 बजे (अप.) 1½ घंटे |
| 2 | हिंदी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता | प्रश्न पत्र के आधार पर | 19.09.2025 (शुक्रवार) | 03:00 बजे (अप.) 1½ घंटे |
| 3 | राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता | प्रश्न पत्र के आधार पर | 22.09.2025 (सोमवार) | 03:00 बजे (अप.) 1½ घंटा |
| 4 | हिंदी वाक् प्रतियोगिता | **विकास का प्रकृति पर प्रभाव।** | 24.09.2025 (बुधवार) | 02:30 बजे (अप.) से प्रति प्रतियोगी 05 मिनट |

सभी प्रतियोगिताएं निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली, क.रा.बी. निगम औषधालय-सह-निदान केन्द्र परिसर,मयूर विहार फेज-1, नई दिल्ली-110091 के सम्मेलन कक्ष, प्रथम तल में आयोजित की जाएंगी। उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में हिंदी तथा हिंदीतर भाषी वर्ग के लिए अलग-अलग प्रथम पुरस्कार 1800/- रु., द्वितीय पुरस्कार 1500/- रु., तृतीय पुरस्कार 1200/- रु. तथा 500/- रु. के दो प्रोत्साहन पुरस्कार (प्रत्येक प्रतियोगिता में कुल पांच पुरस्कार) प्रदान किए जाएंगे।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में किसी भी भाषा वर्ग में भाग लेने के लिए न्यूनतम निर्धारित प्रतिभागी संख्या (कोरम) की बाध्यता नहीं होगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्ति हेतु न्यूनतम 33% उत्तीर्णांक अनिवार्य होंगे। भाषा वर्ग मातृभाषा के आधार पर तय होंगे। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषी वर्ग में 'क' एव 'ख' क्षेत्र के भाषा-भाषी तथा हिंदीतर भाषी वर्ग में 'ग' क्षेत्र के भाषा-भाषी सम्मिलित होंगे।

उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अपने नाम **दिनांक 12.09.2025** तक राजभाषा शाखा को अवश्य भेज दें। अधीनस्थ औषधालय में तैनात कार्मिक अपने नामांकन ई-मेलः anwar.ali@esic.nic.in / ashish.kumar1@esic.nic.in भी भेज सकते है। सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक संख्या में भाग लें।

सभी अधिकारियों / कर्मचारियों से अनुरोध है कि हिंदी पखवाड़े के दौरान जारी किए जाने वाले सभी पत्रों के शीर्ष पर दाहिनी ओर "राजभाषा पखवाड़ा 2025" अंकित करें।

अनुलग्नकः- प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु
सूचना भेजने का प्रपत्र

Digitally signed by
Anwer Ali
Date: 02-09-2025
15:58:40

**सहायक निदेशक (रा.भा.)**

**सेवा में,**

1. महानिदेशक (राजभाषा), क.राबी.निगम, पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली
2. सभी अधिकारी/सभी शाखाएं, निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली
3. प्र.बी.चि. अधिकारी, क.रा.बी. औषधालय ........................................................ दिल्ली / नई दिल्ली को आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. ओ.एस.डी., आई.टी. कक्ष को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
5. सूचना पट्ट / गार्ड फाइल

## हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु नामांकन पत्र

सेवा में,

शाखाधिकारी (राजभाषा)
निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली
क.रा.बी. निगम, औषधालय-सह-निदान केन्द्र परिसर
मयूर विहार फेज-1, नई दिल्ली-110091

विषय: हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने की सूचना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपको सूचित करना चाहता/ चाहती हूं कि मैं वर्ष 2025 के दौरान आयोजित की जा रही निम्नलिखित हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहता / चाहती हूँ।

मेरी मातृभाषा .................................................. है।

1. हिंदी निबंध प्रतियोगिता ☐
2. हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता ☐
3. राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता ☐
4. हिंदी वाक् Elocution/Speech प्रतियोगिता ☐

भवदीय / भवदीया,

हस्ताक्षर :

दिनांक:-

नाम, पदनाम :

कर्मचारी संख्या -

फोन नम्बर

तैनाती स्थान :

शाखा अधिकारी या रिपोर्टिंग अधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर :